Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to reestablish the B.N.C. Mill in Rajanandgaon.

श्री संतोष पाण्डेय (राजनंदगाँव): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मेरी संसदीय क्षेत्र राजनंदगाँव है और राजनंदगाँव का नाम लेते ही राजा बलराम दास जी की याद आती है, जिनका स्वर्णीम इतिहास रहा है, चाहे वह सरोवर के लिए हो या बाग के लिए हो । उन्होंने वर्ष 1890 में बी.एन.सी मिल की स्थापना की थी और बी.एन.सी मिल की स्थापना के लिए उन्होंने अपना रेलवे से लगी हुई 45 एकड़ बेशकीमती जमीन दे दी थी, जो आज अरबों रुपये की है । बी.एन.सी मिल की निवाड़ और मच्छरदानी पूरे हिन्दुस्तान में जानी जाती थी । आज भी मेरे क्षेत्र में लोग राजा बलराम दास जी का नाम लेते हैं । वर्ष 2002 से बीमार होने के कारण वह मिल बंद हो चुकी है । मैं इस सदन से निवेदन करना चाहता हूं कि केंद्र सरकार राज्य सरकार या किसी निजी उपक्रम के माध्यम से फिर से इस मिल की स्थापना करे । यदि मिल की स्थापना न हो तो वहां रेडिमेड उद्योग या सूचना प्रोद्योगिकी से संबंधित किसी न किसी उद्योग की स्थापना हो, जिससे फिर से राजनंदगाँव की अर्थव्यवस्था ठीक हो सके और हजारों लोगों को जो रोजगार मिलता था, वह मिल सके । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री संतोष पाण्डेय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।